## जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा आयोजित



इंदौर। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा जाल सभागृह इंदौर पर मानव सेवा सहायता दिवस व महातंबोला के रूप में आयोजित की गई अध्यक्ष श्री सुरेशजी देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। मानव सेवा के रूप में राजशान्ति आशियाना में रसोईघर के निमार्ण हेतु एवं सेवा भारती इंदौर व नारायण सेवा संस्थान उदयपुर को आपरेशन हेतु सहायतार्थ राशी प्रदान की।

आगे भी ग्रुप द्वारा निरंतर मानव सेवा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जावेगा, मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 7 शिविर आयोजित किये गये जिसमें 2750 मरीजों का परिक्षण किया होकर 190 आपरेशन हुए एवं 2210 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया, साथ ही निराश्रित आश्रम में सभी के लिये वस्त्र और अनाज का वितरण ग्रुप द्वारा किया गया ग्रुप के सदस्यों की परिचय पुस्तिका रत्न वाटिका का विमोचन समाजसेवी श्री कांतिलालजी बम द्वारा किया गया।

गुप के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व अध्यक्ष विजयसिंहजी नाहर का 90 वे जन्मदिन पर अभिनंदन किया गया सभा में गोपीलालजी सामोता, भंवरलालजी कासवा, श्रीविजयसिंहजी नाहर, सुरेन्द्रकुमारजी मारू,, सुरेशचंदजी जैन अशोक सोजतिया, श्रेनिक तांतेड, जिनेन्द्रकुमार पारख, महेश डाकोलिया गिरीश बाफना उपस्थित थे। संचालन सचिव श्रीमती किरण संचेती ने किया 7 आभार प्रदर्शन अरविन्द चौधरी ने किया ।

## जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि




इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, भोपाल में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सभी प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, दीपचंद यादव, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा डॉ. अर्चना जायसवाल, प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी, महामंत्री अशोक कुमार सिद्धू, उपाध्यक्ष बलराज चौगले, डॉ. अरविंद जैन, किशोर राय, राकेश चौरासिया, सतीश मिश्रा, नारायण सिंह, राजकुमार आर्य, ओम प्रकाश कुशवाहा, शैलेंद्र पाराशर, गिरीराज दंडोतिया, श्रीमती पद्मावती पांडे, हैदर यार खान उपस्थित रहे। संचालन प्रकोष्ठ प्रवक्ता विकास जोशी द्वारा किया गया, आभार प्रदर्शन अशोक सोनी नीडर ने व्यक्त किया।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

इन्दौर। आज पन्द्रह अप्रैल को एक अनूठी और सराहनीय पहल के तहत सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा निशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उन कन्याओं का विवाह करवाया जाएगा जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर है अथवा किसी अन्य कारण से वे अपनी कन्याओं का विवाह कराने में असमर्थ। समिति के दीपेन्द्रसिंह सोलंकी के अनुसार यह अनूठी सराहनीय पहल क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक गोलू शुक्ला द्वारा की जा रही है। विधायक गोलू शुक्ला के अनुसार हमने संकल्प लिया था, कि क्षेत्र की विवाह योग्य निर्धन, दिव्यांग और अनाथ कन्याओं का निशुल्क विवाह करवाएंगे, उसी संकल्प को पूरा करने के लिए सनातन हिन्दू समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में सनातनी वैदिक परंपराओं के तहत विवाह की रस्मों को पूरे रीति रिवाज से विद्वानों द्वारा सम्पन्न करवाया जाएगा। आयोजन के लिए समितियां बनाई गई हैं, जिसमें विधानसभा प्रभारी दिनेश वर्मा, आदित्य दीक्षित, गजानंद गावडे, आयुष कचोलिया, आशीष शर्मा, रितेश वीरांग चंद्रभानसिंह सोलंकी, बंटी वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है।

### कार्टून कोना...




# कुख्यात तस्कर के घर पर आबकारी विभाग ने मारा छापा, 921 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

इंदौर (मनीष शर्मा)। नए वित्त वर्ष में आबकारी विभाग द्वारा सांवेर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए कुख्यात तस्कर के घर से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की, जिसकी कीमत लगभग छे लाख आंकी जा रही है, विभाग द्वारा अवैध शराब जब्त कर मामला पंजीबद किया गया। विभाग की नए वित्त वर्ष में यह पहली बड़ी सफलता है जिससे टीम के हौसले और बुलंद हो गए हैं।



विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया की कलेक्टर शिवम वर्मा एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में, कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं फ्लाइंग स्क्वॉड प्रभारी कमलेश सोलंकी के मार्गदर्शन में वृत्त सांवेर अंतर्गत ग्राम बड़ोदिया खान, तहसील सांवेर में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब तस्कर महेश उर्फ एन.डी. के निवास से अवैध मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 62 पेटी देशी मदिरा (558 बल्क लीटर), 35 पेटी विदेशी मदिरा स्प्रिट (315 बल्क लीटर) तथा 4 पेटी विदेशी मदिरा बीयर (48 लीटर) जप्त की गई।

इस प्रकार कुल 101 पेटी देशी एवं विदेशी मदिरा, कुल 921 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। गौरतलब है कि उक्त आरोपी पूर्व में जिला बदर भी रह चुका है। उक्त कार्यवाही में एडीईओ धर्मेंद्र जोशी, जहांगीर खान तथा उप निरीक्षक त्रियंबिका शर्मा, आशीष जैन एवं बी.डी. अहिरवार सहित आबकारी टीम का योगदान रहा।

## अम्बेडकर जंयती पर बलाई समाज द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित

इन्दौर। श्री बलाई समाज संगठन समिती के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम सोलंकी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अम्बेडकर जंयती पर गीता भवन स्थित प्रतिमा स्थल पर समाजबंधु सुबह एकत्रित हुए। इस अवसर पर बलाई समाज द्वारा माल्यार्पण कर बाबा साहब अम्बेडकर का स्मरण कर एक परिचर्च की गयी। जिसमें समाज का पिछड़ापन का कारण कारण व निर्वारण पर चिंतन किया गया।

सामाजिक बुराईयों जैसे शराब का सेवन करना, अंधविश्वास दूर करना तथा बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर रामप्रसाद सोलंकी, एनआर चाकरे, अवधेश डावरे, जीतेन्द्र परमार, केआर सोनारतिया, ओपी नागवंशी, विष्णुप्रसाद मालवीय ने अपने अपने विचार रखे।

### 14 ट्रेनों में थर्ड एसी की जगह लगेंगे एसी इकोनॉमी कोच

## अब कम किराए में रेल यात्री ले सकेंगे ठंडी हवा का आनंद

इन्दौर। रेलवे ने 14 ट्रेनों में एसी-थ्री टियर कोच हटाकर उसकी जगह पर एसी थ्री इकोनॉमी कोच जोडऩे का निर्णय किया है। यह सभी ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल से संचालित होती है। 15 जून से होने जा रहे बदलाव में प्रत्येक ट्रेन में अब एसी थ्री इकोनॉमी श्रेणी का एक-एक कोच होगा। यह कोच एक एसी थ्री टियर की जगह पर जोड़ा जाएगा।



यह परिवर्तन ट्रेन क्रमांक 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस में यात्रा 15 जून, ट्रेन क्रमांक 12186 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में 16 जून, ट्रेन क्रमांक 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 17 जून, ट्रेन क्रमांक 20156 नई दिल्ली-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस में 18 जून, ट्रेन क्रमांक 20155 डॉ. आंबेडकर नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस में 19 जून से होगा।

ट्रेन क्रमांक 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति एक्सप्रेस में 20 जून व ट्रेन क्रमांक 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस में 20 जून, ट्रेन क्रमांक 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन, ट्रेन क्रमांक 11633 भोपाल-चोपन एक्सप्रेस में 21 जून 2026।

ट्रेन क्रमांक 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस, ट्रेन क्रमांक 11634 चोपन-भोपाल एक्सप्रेस में एवंट्रेन क्रमांक 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस में 22 जून, ट्रेन क्रमांक 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस में 23 जून और ट्रेन क्रमांक 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में 24 जून से लागू होगा।

## समरसता महाआरती का आयोजन हुआ, 52 समाजों के समाजजन हुए शामिल



इन्दौर। समीपस्थ देपालपुर में स्थित अतिप्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर पर अभा दशनाम गोस्वामी समाज इंदौर एवं देपालपुर नगर दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर महाआरती का आयोजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश पुरी गोस्वामी के अनुसार नगर में पहली बार यह समरसता महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें 52 समाजों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सहभागिता की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मनोज निर्भयसिंह पटेल, राजेश गिरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोस्वामी समाज, निलेश भारती जिलाध्यक्ष भाजपा धार, राजेंद्र भारती पूर्व विधायक, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा उज्जैन मंडल आदि शामिल हुए। अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश पुरी गोस्वामी ने तो संचालन संजय सेन ने किया।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में डॉ. हर्ष वर्धन का मार्गदर्शन



इंदौर। भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सौजन्य भेंट कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. हर्ष वर्धन ने अपने संबोधन में अपने अनुभव साझा करते हुए कोविड-19 महामारी के दौरान पूरे देश को एक सूत्र में पिरोकर प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के प्रयासों का उल्लेख किया। कार्यक्रम की शुरुआत चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रांतीय संयोजक डॉ. रवि वर्मा एवं वर्तमान सह संयोजक डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुई।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिनमें डॉ. अनिल गर्ग, डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. आर.एन. मिश्रा, डॉ. अविनाश पटवारी, डॉ. राकेश शिवहरे, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. गोपाल गोयल एवं डॉ. महेश गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# सार्थक एप का गड़बड़झाला, अवकाश के दिन के पहुंचे अनुपस्थिति मैसेज, मचा हड़कंप

इन्दौर। नियमित रूप से एप पर उपस्थिति दर्ज करा रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों के मोबाइल पर अनुपस्थिति के मैसेज आने पर हड़कंप मच गया। मामला राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का है जिनके मोबाइल पर अवकाश के दिन अनुपस्थिति के मैसेज आए।




कर्मचारियों का कहना है कि वे सार्थक एप पर नियमित रूप से नियमानुसार उपस्थित दर्ज करा रहे हैं। उनका आरोप लगाते कहना है कि सार्थक एप अभी पूरी तरह अपडेट नहीं है। ऐसी घटना से अनावश्यक तनाव पैदा हो रहा है जिससे कोई अनहोनी हो सकती है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कल रात 9:20 बजे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एमपीएनआरएचएम) के संविदा कर्मियों के मोबाइल पर चेतावनी मैसेज आया जिसमें लिखा था कि आपने 12 अप्रैल 2026 को अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है। इसके बाद इन कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और एक दूसरे को फोन कर इस बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। मामले में एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीतू केल्दे का कहना है कि सार्थक एप पर अटेंडेंस दर्ज करने के बाद भी गलत मैसेज आ रहे हैं। उन्होंने आशंका के साथ चेतावनी देते कहा कि कई कर्मचारी 45 से 55 वर्ष आयु वर्ग के हैं और बीपी, शुगर जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं। ऐसे में गलत अलर्ट से अनावश्यक तनाव पैदा हो रहा है। उन्होंने बताया कि सार्थक एप अभी पूरी तरह अपडेट नही है।

उन्होंने आरोप लगाते कहा कि एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी को समय पर सैलरी नहीं मिल रही है। इसके चलते उन्हें आर्थिक संकट का सामना भी करना पड़ रहा है। ऐसे में इस सार्थक की गड़बड़ी से आ रहे ऐसे मैसेज उन्हें और परेशानी में डाल रहे हैं।

# मंदिर में प्रेम विवाह करने वाले पति पर दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप कोर्ट में सिद्ध नहीं हुआ

इन्दौर। अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की कोर्ट में घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना के एक प्रकरण की सुनवाई दौरान अभियोजन द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाने तथा फरियादी द्वारा लगाएं दहेज की मांग के आरोप को संदिग्ध मान कोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त करार देते केस निरस्त कर दिया।

प्रकरण में आरोपी की ओर से एडवोकेट आशीष एस शर्मा ने पैरवी की। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि विवेक कैथवास के खिलाफ पलासिया थाने पर 25 फरवरी 2021 को सुरभि निवासी विनोबा नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराते पुलिस को बताया था कि दिसंबर 2019 में उसने विवेक से बिजासन मंदिर में प्रेम विवाह किया था।

शादी के कुछ दिन बाद से ही विवेक उसे दहेज में 5 लाख, चेन, अंगूठी एवं बाइक के लिए प्रताड़ित करने लगा और गर्भवती होने पर गोलियां खिलाकर उसकी मर्जी के खिलाफ उसका गर्भपात करा दिया।

सुरभि की शिकायत के बाद पुलिस ने वैभव के खिलाफ आईपीसी की धारा 498, 313 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना उपरांत प्रकरण चालान कोर्ट में पेश किया जहां ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाया। वहीं कोर्ट ने मंदिर में प्रेम विवाह करने पर भी दहेज की मांग के आरोप को भी संदिग्ध माना। जिसके बाद सक्षम न्यायालय ने आरोप प्रमाणित नहीं पाए जाने एवं संदिग्धता का लाभ देते आरोपी को दोषमुक्त करार देते केस निरस्त कर दिया।

## समाजवादी पार्टी द्वारा अंबेडकर जयंती मनाई गई

इंदौर समाजवादी पार्टी द्वारा गीता भवन चौराहे पर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई इसमें समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण किया इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री संगठन मंत्री मोहम्मद अली सिद्दीकी मनोज हडिया अमन यादव लालु यादव जी के यादव रामबाबू अग्रवाल उपस्थित थे जानकारी समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी सुरेश सूरजवानी द्वारा दी गई।



## वाद-विवाद, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की



इन्दौर। प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड रिसर्च में अंतर-महाविद्यालयीय वाद-विवाद, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, तात्कालिक भाषण और वैज्ञानिक प्रस्तुतियों जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी) के सहयोग से किया गया।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोणों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सात्विक मिश्रा एवं अर्पित शर्मा ने तथा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में अर्पित सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं वैज्ञानिक प्रस्तुति में अनिल, अभिषेक एवं भूमि की टीम विजेता रही। कार्यक्रम के दौरान महान वैज्ञानिकों और प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों के जीवन एवं उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया।

विद्यार्थियों ने मिसाइल मैन डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम तथा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के योगदान से प्रेरणा लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान डॉ. शशांक गुप्ता, संस्थान के सीनियर डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार देशपांडे ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। संचालन डॉ. हेमंत शर्मा ने किया। आभार डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी ने माना।